# कार्यालय, प्राचार्य– राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर, बरेली।

दि0 21.06.2025

## "सत्र 2025–26 हेतु स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने सम्बन्धी आवश्यक सूचना"

महाविद्यालय में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे महाविद्यालय की वेबसाइट www.gdcfaridpur.com पर जा कर रू0 50/– (रूपये पचास मात्र) प्रवेश आवेदन शुल्क जमा करने के उपरान्त आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रिया गहनता से पूर्ण कर एवं विश्वविद्यालय की प्रवेश नियमावली के अनुसार आवेदन फार्म भरकर, आवेदन फार्म की हार्डकॉपी महाविद्यालय कार्यालय में समस्त संलग्नकों सहित **दिनांक 12.06.2025 से प्रत्येक कार्यदिवस में दोपहर 01:00 बजे से सांय 03:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें।** समस्त प्रवेश मेरिट के आधार पर किये जायेंगे। मेरिट सूची प्रदर्शित किये जाने की सूचना पृथक से महाविद्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी व साथ ही महाविद्यालय की उक्त वेबसाइट पर भी अपलोड की जायेगी, जिसे समस्त आवेदनकर्ता प्रतिदिन चैक करें।

**नोटः–**

**01–प्रवेश आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथिः–01.07.2025 है।**

02– समस्त छात्र–छात्राएं महाविद्यालय वेबसाइट पर आवेदन करते समय ध्यानपूर्वक अपना स्वयं का ही मोबाइल नं0 (जो कि स्वयं के आधार कार्ड से लिंक हो) व स्वयं की ही ई–मेल आई0डी0 भरना सुनिश्चित करेंगे, किसी भी स्थिति में कोई भी छात्र–छात्रा कैफे वाला या किसी अन्य व्यक्ति का मो0 नं0/ई–मेल आई0डी0 आवेदन के समय न भरें अन्यथा की स्थिति में भविष्य में डिजी शक्ति पोर्टल (स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण हेतु) पर मो0 नं0/ई–मेल आई0डी0 भिन्न होने के फलस्वरूप सम्बन्धित छात्र–छात्रा के शासन की उक्त योजना से वंचित रह जाने पर स्वयं छात्र–छात्रा ही पूर्णतः उत्तरदायी होंगे।

**प्रवेश आवेदन–फार्म के साथ संलग्नकों का विवरणः–**

01–हाईस्कूल अंकतालिका, 02–इण्टर अंकतालिका, 03– बी0ए0 अंकतालिका, 04–जाति प्रमाण–पत्र, 05–सामान्य जाति के छात्र–छात्रा EWS Category में Apply करने पर नवीनतम EWS प्रमाण पत्र, 06–आधारकार्ड की छायाप्रति, 07–गैप होने की स्थिति में गैप का एफिडेविट, 08– अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र–छात्रा का माइग्रेशन प्रमाण–पत्र 09–भारांक हेतु स्नातक स्तर का एनएसएस/रोवर–रेंजर्स/एनसीसी/क्रीड़ा एवं अन्य सम्बन्धित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।

**आज्ञा से प्राचार्य**

Scanned with CamScanner